आर.एन.आई.नं.- MPHIN /2012/64802

दैनिक

E-Mail-pariahargarjana@gmail.com

# परिहार गर्जना

संस्थापक- स्व.वीर सिंह परिहार चौका संपादक - रामबाबू सिंह परिहार मो. 9755204916 सह संपादक - दद्दा ललौनी

वर्ष 13 | अंक 79 | छतरपुर, सोमवार 14 अक्टूबर 2024 | मूल्य 1.00 रूपये | पृष्ठ 16


## खजुराहो-कुरुक्षेत्र ट्रेन के एक डिब्बे में धुआं निकलने से मची अफरा-तफरी

### मुसाफिरों ने चेन खींचकर रोकी ट्रेन




***छतरपुर। रविवार की सुबह 8 बजे खजुराहो-कुरुक्षेत्र ट्रेन के डी-5 डिब्बे में अचानक धुआं निकलने लगा जिससे ट्रेन में अफरा तफरी का माहौल बन गया। लोगों को आग की शंका होने पर ट्रेन की चेन खींच दी जिससे ट्रेन रुक गई। धुआं निकलने की जानकारी लोगों ने ट्रेन ड्राइवर और स्टेशन मास्टर को दी। इसके बाद रेल कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर ट्रेन को चेक किया गया। 1 घंटे बाद दोबारा ट्रेन खजुराहो की ओर रवाना हुई।***

जानकारी के अनुसार खजुराहो कुरुक्षेत्र ट्रेन सुबह कुरुक्षेत्र से चलकर खजुराहो आ रही थी। ट्रेन गाड़ी संख्या 11842 के डी-5 के डिब्बे में रविवार की सुबह 8 बजे ईशानगर स्टेशन के पास पहुंची तभी ट्रेन के डी-5 डिब्बे में आग लगने की शंका के चलते लोगों में अफरा तफरी का मच गई। लोगों ने ट्रेन की चेन खीच दी। जिससे ट्रेन ईशानगर रेलवे स्टेशन के पहले रुक गई। आग लगने की जानकारी लोगों ने ट्रेन के ड्राइवर और स्टेशन मास्टर को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंचे रेलवे कर्मचारियों के द्वारा ट्रेन को चेक किया गया। सुबह 9 बजे दोबारा ट्रेन को छतरपुर की ओर रवाना किया गया।

ईशानगर थाना प्रभारी किशोर कुमार पटेल ने बताया कि ईशानगर रेलवे स्टेशन के पहले लोगों ने ट्रेन से धुआं निकलने के कारण चेन खींच दी थी। कुछ समय के बाद ट्रेन कर्मचारियों ने चेक किया गया उसके बाद दोबारा रवाना कर दिया था।

झांसी रेलवे पीआरओ मनोज कुमार ने बताया कि वी बेल्ड केवल में धूल जम जाने के कारण ब्रेक लगाने पर धुआं निकलता है। आज भी कुछ ऐसा ही हुआ था लोग डर गए थे और लोगों ने चेन खींची थी। रेलवे कर्मचारियों के द्वारा चेक किया गया उसके बाद ट्रेन को दोबारा रवाना किया गया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में मिला युवक का शव

### परिजनों ने लगाए मारकर हत्या करने के आरोप

**राजाराम साहू**

परिहार गर्जना न्यूज। घुवारा। नगर में रविवार की सुबह एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से नगर समेत क्षेत्र में सनसनी फैल गई।घटना की जानकारी लगते ही मौके पर स्थानीय पुलिस बल पहुंचा जहां पर शव का पंचनामा कार्यवाही कर पीएम हेतु शव को बड़ामलहरा भेजकर पुलिस ने युवक की मौत के पीछे के कारणों का पता लगाने के लिए जांच पड़ताल करना शुरू कर दिया है।वहीं मृतक युवक के परिजनों ने हत्या किए जाने के आरोप लगाए हैं।



***एक दिन पहले शनिवार की दोपहर से घर से लापता था मृतक युवक***

नगर के वार्ड नं 01 निवासी श्री राम चौबे पिता जगदीश चौबे उम्र करीब 28 वर्ष विगत शनिवार की दोपहर अपने खेत से काम निपटा कर घर आया उसके बाद खाना खाकर दोपहर 1:30 बजे अपनी बाईक से बस्ती में निकल गया।शाम और देर रात घर नहीं आने के बाद अगले दिन रविवार की सुबह नगर के किला पहाड़ी पर बने एक सूने मकान के पीछे संदिग्ध परिस्थितियों में शव पड़ा मिला।घटना की जानकारी जैसे ही पुलिस को मिली मौके पर पुलिस बल पहुंचा और युवक के शव की शिनाख्त आसपास के लोग से कराकर परिजनों को सूचना दी गई।साथ ही मामला संदिग्ध अवस्था में देख एफएसएल टीम को जानकारी दी गई।

***मामला संदिग्ध देख पुलिस ने बुलाई मौके पर एफएसएल टीम***

घटना की जानकारी लगते ही नगर के पुलिस उपथाना प्रभारी प्रमोद रोहित अपने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे जहां पर युवक के शव को देख मामला संदिग्ध मालूम होने पर एफएसएल टीम को सूचित किया वहीं टीकमगढ़ से आई टीम ने शव का परीक्षण उपरांत घटना स्थल से साक्ष्य एकत्रित किए।तत्पश्चात शव को पीएम हेतु बड़ामलहरा भेजा गया।पीएम होने के बाद मृतक युवक का शव अंतिम संस्कार हेतु परिजनों के सुपुर्द किया गया।

***परिजनों ने बताए संदेहियों के नाम पुलिस कर पड़ताल***

मृतक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने के उपरांत मृतक युवक के परिजनों ने पुलिस को संदेहिजनों के नाम बताए गए हैं।जिस आधार पुलिस इस पूरे घटना क्रम के हर पहलू पर बारीकी से जांच पड़ताल करने जुट गई है।

## अलीपुरा रियासत का दशहरा मिलन परंपरागत ढंग से मनाया गया

### विधायक टीकाराजा ने अपने हाथ से घर आये लोगों को खिलाया पान का बीरा



छतरपुर। अलीपुरा रियासत का दशहरा मिलन समारोह परंपरागत ढंग से मनाया गया। इस रियायत की यह परम्परा रही है कि दशहरा के ठीक दूसरे दिन इस रियासत का दशहरा मिलन आयोजित होता है जिसमें रियासत के महाराज सुबह पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरूआत करते हैं। इसके बाद जो भी शुभचिंतक जनता जनार्दन इनके यहां आती है उसे वे स्वयं अपने हाथ से पान का बीरा खिलाकर दशहरे की शुभकामनायें देते हैं। पहले इस रियासत के महाराज पूर्व विधायक यादवेन्द्र सिंह लल्लू राजा साहब इस परम्परा का निर्वाह करते थे। इसके बाद पूर्व मंत्री मानवेन्द्र सिंह भंवर राजा साहब ने इस परम्परा का निर्वाह किया। अब महारापुर विधायक एवं इस रियासत के उत्तराधिकारी युवराज कामाख्या प्रताप सिंह उर्फ टीकाराजा साहब ने परिवार की इस विरासत को संभालते हुये परम्परा का निर्वाह किया है। आज रविवार को उन्होंने सुबह रियासत की परम्परा अनुसार पूजा अर्चना की, तत्पश्चात महल आये शुभचिंतकों, इष्टमित्रों एवं रियायत की जनता को अपने हाथों से पान का बीरा खिलाते हुये दशहरे की शुभकामनायें दीं।



***महल में उमड़ा शुभचिंतकों का हुजूम***

रियासत की परम्परा अनुसार आयोजित इस दशहरा मिलन समारोह में सुबह से ही अलीपुरा महल में शुभचिंतकों एवं जनता जनार्दन का हुजूम उमड़ पड़ा लेकिन सराहना करनी होगी इस राज परिवार के वर्षो पुरानी परम्परा की जिसमें राज परिवार की ओर से विधायक टीकाराजा प्रत्येक व्यक्ति को अपने हाथों से पान खिलाते रहे और उन्हें शुभकामनायें देते रहे। सुबह से प्रारंभ हुआ यह कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा।

# सुमति अकादमी में गरबा-डांडिया और रावण दहन के साथ मना दशहरा उत्सव



छतरपुर। शहर के सुमति अकादमी में दशहरा उत्सव बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय में दशहरा पूर्व बच्चों द्वारा गरबा-डांडिया एवं विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए एवं एक अद्वितीय डांडिया कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें छात्रों ने रंग-बिरंगी परिधानों में भाग लिया और भारतीय संस्कृति का उत्सव मनाया। इस आयोजन का उद्देश्य न केवल डांडिया नृत्य की परंपरा को संरक्षित करना था, बल्कि विद्यार्थियों को टीम वर्क और सांस्कृतिक एकता का अनुभव भी कराना था। प्राचार्य ने अपने भाषण में कहा, डांडिया नृत्य केवल एक नृत्य नहीं है, बल्कि यह हमारी संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ते हैं। नवदुर्गा की नौ देवियों का भी मंचन विद्यालय की जूनियर छात्राओं ने नृत्य के माध्यम से किया। इसके अलावा स्कूल की ओर से विशालकाय रावण और आतिशबाजी की व्यवस्था की गई, कार्यक्रम के अंत में रावण दहन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिनमें मुख्य रूप से रामलीला, नृत्य, भाषण इत्यादि का मंचन किया गया। जिनमें बच्चों के द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामलीला का मंचन बहुत ही आकर्षक तरीके से हुआ जिसमें बच्चों द्वारा श्री राम-लक्ष्मण, सीता, हनुमान और रावण की आकर्षक वेशभूषा ने सभी का मन मोह लिया। रावण को जलता देख बच्चों ने प्रभु श्री राम के जयकारे लगाए और संपूर्ण वातावरण दशहरा और आतिशबाजी से गुंजायमान हो गया। स्कूल में प्रतिवर्ष रावण दहन के साथ निभाई जाने वाली इस परम्परा से विद्यार्थी बहुत प्रेरित व उत्साहित थे। इस मौके पर विद्यालय के चेयरमैन श्री सोमिल अग्रवाल, डायरेक्टर श्रीमति भावना अग्रवाल एवं प्राचार्य श्री सुनील कुमार मिश्रा ने सभी बच्चों एवं समस्त शिक्षकों को विजयादशमी की हार्दिक शुभकामनाएँ दी।

# डीसेंट इंग्लिश स्कूल में हुआ रामलीला मंचन और रावण दहन




छतरपुर। डीसेंट इंग्लिश स्कूल में नवरात्रि के उपलक्ष्य में कार्यक्रमों की श्रृंखला का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत आज स्कूल में छोटे-छोटे बच्चों द्वारा रामलीला का मंचन और रावण दहन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। आज के कार्यक्रम में राम रावण संवाद व युद्ध का मंचन किया गया। कार्यक्रम की संयोजिका श्रीमती श्रद्धा नगाइच ने अपने टीम के अन्य सदस्यों श्री प्रदीप त्रिपाठी,श्री प्रतीक तिवारी सु श्री श्वेता रावत आदि के साथ कुशल नेतृत्व करते हुए आयोजन करवाया। तत्पश्चात स्कूल की छात्राओं द्वारा राम चरित्र की विवेचना की गई और रावण के अवगुणों के बारे में व्याख्यान दिया गया और समझाया गया कि किस कारण से रावण वध के उपरांत रावण के पुतले का दहन किया जाता है।स्कूल के प्रबंधक श्री अशोक दुबे प्रबंधिका श्रीमती मयूरी दुबे, प्राचार्य श्री राजीव जैन ने बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किए गए इन कार्यक्रमों की भूरि भूरि प्रशंसा की और बुराई के ऊपर अच्छाई की विजय की चर्चा की। इस कार्यक्रम में सुश्री मानसी सोनी, रोशनी, श्रीमती रचना शर्मा, श्रीमती अर्चना मिश्रा, श्रीमती उजमा , श्रीमती रश्मि दीक्षित, सुश्री आकांक्षा तिवारी, सुश्री आरती सिंह चौधरी, सुश्री खुशी लक्ष्कार, सुश्री अंकित और सुश्री साक्षी गुप्ता ने बच्चों को इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के लिए तैयार किया और कार्यक्रम को सफल बनाया। प्रबंधक श्री अशोक दुबे द्वारा बच्चों के कार्यक्रम की सराहना करते हुए उन्हें अपने संस्कृति के प्रति जागरूक रहने का आवाहन किया।इसी के साथ ही शरद नवरात्र के उपलक्ष में कार्यक्रमों की श्रृंखला का समापन किया गया।



# यदि रावण वाला कर्म- मांस, शराब का सेवन, दूसरे की औरत को गलत नजर देखोगे तो रावण जैसा ही हश्र होगा

## दशहरा के दिन मन की गति और चाल को रोक ले गए, बुराइयों को छोड़ दिया तो आपका ये मन का रावण मर जाएगा



परिहार गर्जना न्यूज। जालौर,राजस्थान पर्व और त्योंहार मनाने के पीछे छिपे असली उद्देश्य और संदेश को सरल शब्दों में बताने-समझाने वाले ताकि सभी इनसे मिलने वाले भौतिक और आध्यात्मिक लाभ को प्राप्त कर सके, इस समय के युगपुरुष पूरे समरथ सन्त सतगुरु उज्जैन वाले बाबा उमाकान्त जी महाराज ने अधिकृत यूट्यूब चैनल जयगुरुदेवयूकेएम पर लाइव प्रसारित संदेश में बताया कि रावण के अहंकार ने उसकी विद्वता, शक्ति, तपस्या का नाश कर विनाश करवा दिया। रावण कौन था? बड़ा विद्वान, बलवान, बड़ी शक्ति ताकत वाला था। बहुत तपस्या, मेहनत किया था। ज्ञानी था, बहुत सक्षम था, धन इतना था कि सोने की लंका थी, ताकत इतनी थी कि उसके सामने लड़ाई में आने में बड़े-बड़े देवता घबराते थे। लेकिन उसको राक्षस क्यों कहा गया? उसका सर्वनाश क्यों हुआ? रावण के घर में एक लाख पूत सवा लाख नाती, एक भी नहीं बचे क्यों? क्योंकि उसके अंदर प्रमुख रूप से तीन बुराइयां आ गई थी- मांस खाता था, शराब पीता था अब दूसरे की मां-बहन को गलत नजर देखता था। जब मांस खाया और उसी का खून बना, शराब पिया वैसे ही बुद्धि हो गई। बुद्धि भ्रष्ट जब हुई, तब दूसरे की मां-बहन को अपनी ही पत्नी समझने लगता था तो मन उससे पाप करा देता था और उसके अंहकार में आ जाता था कि हमारे पर रोक-टोक नहीं है, कोई एक्शन-रिएक्शन नहीं है, हम तो आजाद हैं, पावरफुल हैं तो वह अहंकार उसको खत्म सर्वनाश करा दिया।

***यदि आप भी वैसा ही बुरा कर्म करोगे तो***

अब आपका मन अगर उसी तरह से कामी, क्रोधी हो गया तो रावण वाले कर्म अगर आप करोगे तो शरीर से पाप बन जाएगा। दूसरे की औरत को, बच्चियों दूसरे के पुरुष को गलत नजर देखने लग जाओगी तो शरीर पापी हो जाएगा। पाप की सजा तो मिलती है, पाप का अंत तो होता है। पाप जब बहुत बढ़ जाता है तब धर्म की स्थापना होती है। मन को आज मारने की जरूरत है। आज दशहरा के दिन मन की गति-चाल को रोक ले गए, बुराइयों को छोड़ दिया तो आपका ये मन का रावण मर जाएग और यही मन फिर उधर ऊपर प्रभु की तरफ लग जाएगा।

***अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मची खलबली पर इशारा***

नाम, मान-सम्मान उसी का होता है जो सबका ध्यान रखता है, मुखिया वोही कहलाता है। विदेशों में विनाश लीला चल रही, बेमौत लोग मर रहे, कहने को शक्तिशाली देश का सपोर्ट है लेकिन जब उस पर ही हमला हो जायेगा तब वो अपने घर की आग बुझाएगा या दुसरे के घर की? कहावत है की जब सबकी दाढ़ी में आग लगती है तब सब अपनी-अपनी बुझाते हैं। जान-अनजान में बने कर्मों (जैसे लकड़ी के साथ उसके अंदर के जले कीड़े, दूसरों की निंदा-बुराई आदि) की सफाई आपको बताई गयी साधना ध्यान भजन सुमिरन से होगी तब गुरु का स्वरुप अंतर में दिखेगा। नवरात्रा आई, बरसात ख़त्म, अब ठंडी शुरू होगी। इसमें तत्वों में तबदीली होती है, खाली पेट में भगवान् की याद आती है, तीनों गुण (तमो, रजो, सतो) ख़त्म होते हैं। तमो गुणी प्रवृत्ति सबमें होती है, जानवरों में, आदमियों में भी, गुस्सा बहुत आता है, विनाश नुक्सान वाली बात सोचता रहता है। रजो गुणी प्रवृत्ति में आलसी स्वभाव। कौन जाए प्रचार में, कल चलेंगे सतसंग में, ध्यान भजन सुबह कर लेंगे आदि। सतो गुण में आदमी दान पुण्य करता, तीर्थों में जाता, लोगों की मदद कर देता है लेकिन तीनों गुणों से आत्मा को कोई फायदा नहीं होता है। सब यहीं (दुनिया) की चीजें हैं। महात्मा दोनों तरह से लोगों को लाभ दिलाते हैं, लोक-परलोक के। कई तरह के उपवास का नियम बनाया ताकि सबके पेट की मशीन को आराम मिल जाए।

# होटल रेडिसन खजुराहो में महिलाओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण का WESS द्वारा किया गया आयोजन

**तुलसीदास सोनी**

परिहार गर्जना न्यूज। खजुराहो।महिलाओं को सशक्त बनाने की एक सराहनीय पहल में, होटल रेडिसन खजुराहो ने 13 अक्टूबर को एक आत्मरक्षा प्रशिक्षण सत्र की मेजबानी की, जो गैर-सरकारी संगठन WESS. द्वारा आयोजित किया गया था। (महिला सशक्तिकरण और सहायता सेवाएँ)। इस आयोजन का उद्देश्य महिलाओं को चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में उनकी सुरक्षा और आत्मविश्वास सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक आत्मरक्षा कौशल से लैस करना था।



प्रशिक्षण का संचालन WESS की एक समर्पित टीम द्वारा किया गया, जिसमें वीना गुप्ता, अमनप्रीत कौर, भारती पटवाल, अनुराधा कौशिक, रंजना सिंह, पूजा शर्मा और रोमा कक्कड़ शामिल थीं। टीम के सदस्यों ने विभिन्न आत्मरक्षा तकनीकों का प्रदर्शन किया और प्रतिभागियों को संभावित खतरों का प्रभावी ढंग से जवाब देने में मदद करने के लिए व्यावहारिक सुझाव साझा किए।

इस कार्यक्रम में क्षेत्र के अन्य होटलों की महिला कर्मचारियों के साथ-साथ आधार संस्था के सदस्यों की सक्रिय भागीदारी देखी गई। W.E.S.S के सामूहिक प्रयास और होटल रेडिसन खजुराहो ने विविध पृष्ठभूमि की महिलाओं को एक सहायक वातावरण में सीखने, साझा करने और एक साथ बढ़ने के लिए एक मंच प्रदान किया। इस अवसर पर बोलते हुए, WESS. के प्रतिनिधि। होटल रेडिसन टीम के साथ विजया दत्त त्रिपाठी (महाप्रबंधक) अजय विक्रम सिंह (एचआर मैनेजर) ने महिलाओं को सशक्त बनाने और एक सुरक्षित समुदाय बनाने में आत्मरक्षा प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को खूब सराहा गया, प्रतिभागियों ने सत्र के दौरान हासिल किए गए मूल्यवान कौशल के लिए आभार व्यक्त किया।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं आकर्षक आतिशबाजी के साथ किया गया रावण के पुतले का दहन





परिहार गर्जना न्यूज। सागर। नगर निगम द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी दशहरा पर्व के अवसर पर राधे-राधे संकीर्तन उपरांत रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन मध्यप्रदेश शासन के केबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के मुख्य आतिथ्य में एवं सांसद श्रीमती लता वानखेडे, विधायक शैलेंद्र जैन, महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी, निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार के विशिष्ट आतिथ्य में संभागायुक्त वीरेन्द्र सिंह रावत, कलेक्टर संदीप जी आर, जिला पंचायत सीईओ विवेक के वी, निगम आयुक्त राजकुमार खत्री, जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में पी.टी.सी.ग्राउण्ड पर 51 फुट के रावण के पुतले का दहन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सांस्कृतिक कार्यक्रम राधे-राधे संकीर्तन के साथ हुआ उसके बाद रावण के पुतले का दहन किया गया।

भगवान श्री राम एवं लक्ष्मण की झांकी में उपस्थित कलाकारों की सभी अतिथियों ने पूजा-अर्चना की- रावण दहन कार्यक्रम में धनुष -बाण लिए भगवान श्री राम एवं लक्ष्मण के रूप में उपस्थित कलाकारों की केबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के साथ सभी अतिथियों ने पूजा-अर्चना की तत्पश्चात भगवान श्री राम ने वाण चलाकर बुराई के प्रतीक रावण के पुतले का विजयदशमी पर दहन किया। आतिशबाज़ी ने सबका मन मोह लिया- रावण दहन कार्यक्रम के पहले प्रारंभ हुई आकर्षक रंग बिरंगी आतिशबाज़ी रावण दहन कार्यक्रम के लगभग 20 मिनट तक होती रही जिसने विशाल जनसमूह का मन मोह लिया। स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया- रावण दहन कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमूह को शहर को स्वच्छ रखने हेतु स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए कार्यक्रम स्थल पर जगह-जगह होडिंग ,बैनर लगाए गए तथा लोगों को घर व दुकानों से निकलने वाले कचरे को डस्टबिन में डालने , प्लास्टिक से होने वाले नुकसान तथा कपड़े के थैलों का उपयोग करने के लिए जागरूक किया गया ।

# बीना में 13 साल बाद रावण दहन का हुआ आयोजन

## पुतला दहन में विधायक निर्मला स्प्रे हुई शामिल






**राजेश बबेले**

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/बीना में 13 साल बाद रावण दहन का हुआ आयोजन असत्य पर सत्य की जीत, बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक दशहरे के पर्व को लेकर बीना शहर सहित बीना ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह देखा गया। गौरतलब है कि बीना में 13 साल बाद आगसौद रोड पर खाली पड़े मैदान में 25 फीट ऊंचे रावण के पुतला का दहन किया गयाजिसमें लोगो ने बढ़ चढ़कर पुतला दहन में हिस्सा लिया।

*13 साल बाद हुआ रावण का दहन*

13 साल बाद हुआ रावण का दहन पुतला दहन से पहले भगवान राम की वेशभूषा में मंच पर पहुंचे बच्चे का मंत्रोउच्चारण के साथ तिलक किया गया। इसके बाद महामंडलेश्वर महंत राधामोहन दास महाराज ने पुतले में आग लगाकर रावण दहन किया। इस दौरान महामंडलेश्वर महंत राधामोहन दास ने कहा कि रावण दहन तो एक परंपरा मात्र है। रावण दहन का संकल्प तब पूरा होगा जब हम समाज में व्याप्त बुराईयों को पूरी तरह खत्म कर दें।

विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष सुनील सिरोठिया ने कहा कि 13 साल पहले जो परंपरा तोड़ दी गई थी उसे हिंदू संगठनों ने दोबारा शुरू की गई। संगठनों ने प्रतिज्ञा ली है कि हर वर्ष शहर में इसी स्थान पर पुतला दहन किया जाएगा। इस स्थान को अब दहशरा मैदान के नाम से जाना जाएगा। इस अवसर पर बीना विधायक निर्मला स्प्रे सहित बड़ी संख्या में हिंदू संगठन के पदाधिकारियों के साथ आम लोग उपस्थित थे।

# विश्वविद्यालय- सुरक्षा विभाग में हुआ शस्त्र पूजा का आयोजन




परिहार गर्जना न्यूज। सागर। डॉक्टर हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर के सुरक्षा विभाग में विजयादशमी के शुभ अवसर पर शस्त्र पूजा का आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने मंत्रोच्चार के बीच पूजन किया। पूजन उपरांत मिष्ठान्न वितरण किया गया। इस अवसर विश्वविद्यालय के सुरक्षा अधिकारी प्रो. राजेन्द्र यादव, डॉ केशव टेकाम, डॉ सीपी उपाध्याय, डॉ. रजनीश, डॉ विवेक जायसवाल, शंकर पटेल एवं विवि के सुरक्षाकर्मी मौजूद रहे।

# भारत की प्राण शक्ति वन्देमातरम- सुमेधा पोल



परिहार गर्जना न्यूज। सागर। सन् 1936 में विजयादशमी के दिन महाराष्ट्र के वर्धा में राष्ट्र सेविका समिति की स्थापना हुई थी। यह विश्व का सबसे बडा महिला संगठन है। इसी उपलक्ष्य में राष्ट्र सेविका समिति सागर जिला द्वारा पथसंचलन कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें पूर्ण गणवेश में 170 संख्या में बहनों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप राष्ट्र सेविका समिति की प्रांत कार्यवाहिका माननीय सुमेधा पोल जी की उपस्थिति रही। भारतीय जनमानस निरंतर बाहर से आने वाले आक्रांताओं से झुजता आ रहा है परंतु फिर भी एक ऐसी शक्ति उसमें है की कितने भी आक्रांताएं आ जाए ना तो भारत की हस्ती मिट्टी है और और ना ही उस पर कुछ आंच आई है. हमेशा जूझकर उसने अपना अस्तित्व टिका के रखा है. क्योंकि इसके पीछे एक ही प्राण शक्ति खड़ी थी वह थी वंदे मातरम।



# बीना में खाद्य विभाग की ताबड़तोड़ छापेमारी: दो होटल राजहंस एवं शिमला होटल से लिए पनीर और मिल्क के सैंपल

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/बीना में खाद्य विभाग की ताबड़तोड़ छापेमारी दो होटल राजहंस एवं शिमला होटल से लिए पनीर और मिल्क के सैंपल। उल्लेखनीय है कि रविवार को खाद्य और औषधि विभाग की निरीक्षक प्रीति राय अपनी टीम के साथ बीना पहुंची। जहां उन्होंने सर्वोदय चौराहा पर स्थित राजहंस होटल में पहुंचकर बारीकी से निरीक्षण किया। बीना में सागर से आई खाद्य और औषधि विभाग की टीम ने शहर की दो होटलों से सैंपल लिए हैं। टीम लगातार कार्रवाई कर रही है। जैसे-जैसे दीपावली पर्व नजदीक आ रहा है वैसे-वैसे मिठाई की दुकान चलाने वाले दुकानदार भी अपनी तैयारी में जुट गए हैं। त्योहारों में मिलावट का कारोबार भी जोरों पर शुरू हो जाता है। गौरतलब है कि त्योहारों से पहले छुट्टी के दिन रविवार को खाद्य और औषधि विभाग की निरीक्षक प्रीति राय अपनी टीम के साथ बीना पहुंची। जहां उन्होंने सबसे पहले सर्वोदय चौराहा पर स्थित राजहंस होटल में पहुंचकर बारीकी से निरीक्षण किया। टीम ने यहां से पनीर और मिल्क केक का सैंपल लिया। इसके बाद चौराहे पर ही स्थित शिमला होटल से पनीर का सैंपल लिया गया है। उन्होंने कहा कि टीम की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। बीना में आज खाद्य एवं औषधि विभाग द्वारा होटलो पर छापा मार कार्यवाही के बाद शिमला होटल में अत्यधिक दूषित तरीके से खाद्य सामग्री बनाने पर एफएसओ प्रीति राय जी ने तीन दिन तक होटल बंद करने की निर्देश दिए लेकिन उसके बाद भी होटल शिमला अभी भी खुला है और छोटी शटर खोलकर मिठाइयां व अन्य सामग्रियां बेची जा रही है।



# मथुरा की संदिग्ध मौत के मामले में लगाया दिनऊ वासियों ने जाम

## पुलिस कार्रवाई पर जताई नाराजगी, हत्या का मामला दर्ज करने पर दिया जोर





**सौरभ खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। दिनऊ ग्राम में लोगों का असंतोष बम्हौरी पुलिस कार्रवाई को लेकर बढ़ता ही जा रहा है। मथुरा की मौत के बाद पुलिस द्वारा हत्या का मामला दर्ज करने में बिलंब किए जाने से मृतक के परिजन और गांववासी जतारा वाईपास पर जाम लगाकर अपना विरोध जता रहे हैं। उन्होंने आरोपियों को गिरफ्तार कर हत्या का मामला दर्ज करने की मांग की है। जबकि अधिकारियों का कहना है कि विवेचना के बाद धाराएं बढ़ाई जाएंगी। थाना बम्हौरी पुलिस द्वारा इस मामले में अब तक की गई कार्रवाई से लोगों में पुलिस कार्रवाई पर भी नाराजगी जताई जा रही है। बताया गया है कि मथुरा रैकवार संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस ने में युवक की तलाब में डूबने से मौत हो गई। उसका पैर तालाब में मछले पकड़ने के लिए डले जाल में फंस गया था। गुस्से में लोगों ने गांव के ही शख्स पर आरोप लगाते हुए मारपीट कर दी। वह बचने के लिए भागा, तो तालाब में कूद गया। रविवार सुबह उसकी लाश मिली।

मामला बम्होरी कला थाना क्षेत्र के दिनऊ गांव का है। पुलिस ने बताया कि प्रतिमा विसर्जन के दौरान शनिवार शाम 19 वर्षीय कमलेश अहिरवार की मौत हो गई थी। कमलेश का पैर तालाब में डले जाल में फंस गया था। जिसके कारण पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई थी। घटना से नाराज गांव के कुछ लोगों ने 50 वर्षीय मथुरा रैकवार पर तालाब में जाल डालने का आरोप लगाकर उसके साथ मारपीट की थी। मथुरा रैकवार के परिजनों का आरोप है कि दिनऊ सरपंच के पति बच्चा यादव ने कुछ लोगों के साथ मिलकर मारपीट की और देर रात उसे तालाब में फेंक दिया था। रात भर परिजन उसकी तलाश करते रहे। आज मथुरा रैकवार का शव तालाब में पड़ा मिला। उसके परिजनों ने बच्चा यादव सहित अन्य लोगों पर मथुरा की मौत का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दो लोगों की मौत से गांव में तनाव का माहौल है। मौके पर जतारा एसडीएम, तहसीलदार सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। बताया गया है कि घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(3),3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई आरंभ कर दी है।

***सरपंच पति और उसके साले पर मामला दर्ज-***

बम्होरी कला थाना अंतर्गत हुई मथुरा रैकवार की संदिग्ध मौत के मामले में एसडीओपी अभिषेक गौतम ने बताया कि बीते रोज हुई मथुरा की मौत के मामले में पुलिस ने रात में ही मामला दर्ज कर लिया था। इसके साथ ही विवेचना की जा रही है। उन्होंने बताया कि शनिवार रात मथुरा रैकवार के परिजनों ने मारपीट और गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के आधार पर ग्राम पंचायत दिनऊ की सरपंच के पति बच्चा यादव और उसके साले गोकुल यादव के खिलाफ मारपीट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। आज मथुरा रैकवार का शव मिलने के बाद पीएम के लिए भेजा है। परिजनों के बयान और पीएम रिपोर्ट के आधार पर धाराएं बढ़ाई जाएगी। बताया गया है कि घटना के मुख्य आरोपी बच्चा यादव को निवाड़ी जिले में गिरफ्तार किया गया है।

# पत्नी ने अपनी सहेली के साथ रच डाला पति की हत्या का षड्यंत्र, बाल-बाल बचा

## पुलिस ने दो महिला आरोपियों सहित तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार




परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। इन दिनों छोटी-छोटी बातों पर होने लगी बढ़ी-बढ़ी वारदातों को लेकर लोगों में सनसनी फैली हुई है। सहेली का साथ छोड़ने की बात पति द्वारा कहना उसे इतना मंहगा साबित हुआ कि उस पर हुए हमले के बाद से हालत गंभीर बनी हुई है। ग्राम धर्मपुरा में हुई जिले के दिगौड़ा थाना अंतर्गत पुलिस ने दो महिलाओं और एक नाबालिक लड़के को गिरफ्तार किया है। बताया गया है कि 06 अक्टूबर 24 के 01:30 बजे रात करीब फरियादी रविन्द्र तनय हनुमत सिंह घोष उम्र 40 साल नि0 धर्मपुरा का अपने घर की दूसरे मंजिल की छत पर सो रहा था, सोते समय अज्ञात व्यक्ति द्वारा छत पर चढ़कर फरियादी के उपर कुल्हाडी से 4-5 बार जान से मारने की नियत से हमला कर चोटें पहुंचाई। फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 313/24 धारा 109,118 (1), 3(5) बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया। बताया गया है कि फरियादी द्वारा रिपोर्ट में अपनी पत्नी व उसकी साथी महिला पर हमला कराने का संदेह जाहिर किया था। निरीक्षक नरेन्द्र सिंह परिहार जानकारी देते हुए बताया फरियादी की पत्नी व फरियादी की पत्नी की महिला साथी को हिरासत मे लेकर पूंछतांछ की गई, जो फरियादी की पत्नी द्वारा बताया कि फरियादी उसे अपनी महिला साथी से बात नहीं करने देता था एवं बात करने पर मारपीट करता था। पति की मारपीट से तंग आकर एवं महिला साथी से बात करने से मना करने पर फरियादी की पत्नी ने अपनी साथी महिला के साथ एक राय होकर षडयंत्र कर योजना बनाकर अपने चचेरे भाई की बहिन को छेड़ने और बेचने के संबंध में भड़काकर फरियादी रविन्द्र को मारने के लिये तैयार किया। घटना दिनांक 06 अक्टूबर 24 को फरियादी की पत्नी द्वारा रात को चचेरे नाबालिक भाई को घर में बुलाकर फरियादी पर जान से खत्म करने के लिए कुल्हाड़ी देकर हमला कराया। घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी फरियादी की पत्नी के चचेरे भाई से जप्त की एवं फरियादी की पत्नी व उसकी महिला साथी से मोवाईल जप्त किये। दोनों महिला आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक नरेन्द्र सिंह परिहार थाना प्रभारी दिगौडाए सउनि कल्यान यादव, प्रआर विजय घोष, अजय शुक्ला, आरक्षक अभय वर्मा, सुनील सेन, जाहर, राजेश, महिला आरक्षक राखी यादव, आरक्षक शिवा चाहर, अजीत की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# असत्य पर सत्य की विजय का पर्व दशहरा शनिवार को जिले भर में पारंपरिक तरीके से मनाया गया

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। शहर में रात 9:25 बजे नजरबाग परिसर में 35 फीट लंबे रावण के पुतले का दहन हुआ साथ ही 20.20 फीट के मेघनाथ और कुंभकरण के पुतलों का दहन किया गया। रावण वध होते ही दर्शकों से भरा पूरा मैदान जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। इसके बाद देवी प्रतिमाओं का चल समारोह निकाला गया। शोभायात्रा मार्ग पर बड़ी संख्या में लोग देर रात तक बैठे रहे। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री डॉण् वीरेंद्र कुमार पहुंचे। मंच से उन्होंने कहा हमें अपने अंदर के रावण को मारना होगा। शनिवार को रात को नजरबाग मैदान में आयोजित सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान मौसम में आए बदलाव से समिति के लोग परेशान दिखे। दिन भर आसमान में बादल छाए रहे। दोपहर में मौसम साफ होने के बाद पुतलों पर रंग रोगन के बाद तैयार किया गया।मौसम की खराबी के चलते इस बार ज्यादातर नवदुर्गा समितियों ने शाम को ही प्रतिमाओं का विसर्जन कर समारोह में शामिल हुईं। प्रतिमा विसर्जन का क्रम देर रात तक चलता रहा।



***रामलीला मंडली के कलाकारों ने किया दहन***

नजरबाग प्रांगण में रात 9ण्25 बजे विजय राघव मंदिर रामलीला समिति के कलाकारों ने रावण के पुतले का दहन किया। सबसे पहले कुंभकरण का पुतला जलाया गया। इसके बाद मेघनाथ और फिर अंत में रावण के पुतले का दहन हुआ। श्रीराम.लक्ष्मणए हनुमान सहित अन्य कलाकारों ने प्रशासनिक अमले के साथ रावण दहन की रस्म को पूरा किया।

***इनकी रही उपस्थिति***

केंद्रीय मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमारए विधायक यादवेन्द्र सिंह बुंदेलाए भाजपा जिलाध्यक्ष अमित नुनाए एडीएम सीपी चौहानए एसडीएम संजय दुबेए एएसपी सीतारामए एसडीओपी राहुल कटरेए नपा सीएमओ सहित तमाम अधिकारी और पुलिस के जवान उपस्थित रहे।

# हमें अपने शस्त्रों की पूजा कर कर्तव्य एवं कर्म हमेशा करते रहना चाहिए- डॉ. कुमार

## लोक माता अहिल्या देवी की 300वीं जयंती एवं विजयदशमी पर्व पर किया गया शस्त्र पूजन

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। लोक माता अहिल्या देवी की 300वीं जयंती एवं विजयदशमी पर्व पर टीकमगढ़ पुलिस लाइन में शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। केन्द्रीय मंत्री डॉ. कुमार ने जतारा विधायक हरिशंकर खटीक, अमित नुना, अनुराग वर्मा, अन्य जनप्रतिनिधि तथा कलेक्टर अवधेश शर्मा, पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के साथ विधि-विधान से शस्त्रों का पूजन किया। शस्त्र पूजन के साथ ही हवन भी किया गया। शस्त्र पूजन करने के उपरांत केन्द्रीय मंत्री डॉ. कुमार ने कहा कि शस्त्रों की पूजा हमें धर्म ,कर्म और कर्तव्यों का बोध कराती है। हमें अपने शस्त्रों की पूजा करना चाहिए और कर्तव्य एवं कर्म हमेशा करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के आधुनिक भारत एवं आधुनिक मध्य प्रदेश में मध्य प्रदेश की पुलिस को आधुनिक हथियार, शस्त्र उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किये जा रहे हैं। डॉ. कुमार ने कहा कि आज विजयदशमी के पर्व पर हम सभी अपने शस्त्रों, वाहनों की पूजा करते हैं। इससे हमें अपने कर्मो एवं कर्तव्यों का बोध होता है। कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री डॉ. कुमार, कलेक्टर श्री शर्मा तथा पुलिस अधीक्षक रोहित काशबानी सहित सभी अधिकारियों ने जिलेवासियों को शुभकामनाएं देते हुए शांति और समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर एएसपी सीताराम ससत्या सहित पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे। यह कार्यक्रम न केवल एक परंपरा का निर्वहन था, बल्कि नारी शक्ति को समर्पित था। पुलिस लाइन के साथ-साथ जिले के सभी थानों में भी शस्त्र पूजन संपन्न हुआ।



# पांच वर्ष से जमें कार्यपालन यंत्री महेन्द्र सिंह द्वारा लगातार किया जा रहा फर्जीवाड़ा

## -शिकायतो के बावजूद नहीं हो रही कार्यवाही, आखिर किसका संरक्षण है प्राप्त
## -शासकीय वाहन से सतना कर रहे आना जाना, राशि का हो रहा भारी दुरपयोग

**ऋषि मिश्रा**

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना जिले में विभिन्न विभागो मे कई वर्षो से जमें अधिकारीयों की मनमानी लगातार जारी है, वह शासन के नियम कानून को नहीं मानते है तथा शासन के आदेशो को भी धत्ता बता रहे है, उनके संबंध में शिकायते आम लोगो द्वारा तथा आम जन प्रतिनिधियों द्वारा भी की जाती है लेकिन कोई कार्यवाहीं नहीं होती है। उधाहरण के तौर पर लोक स्वास्थ यांत्रकीय विभाग में विगत पांच वर्षो से पदस्थ कार्यपालन यंत्री महेन्द्र सिंह शासन के किसी भी आदेश को नहीं मानते है तथा आम जनता से भी उन्हें कोई लेना देना नहीं है जबकी उनके पास आम जनता से जुड़ा हुआ सबसे महत्वपूर्ण विभाग पेयजल वाला है, और इसी विभाग के माध्यम से गांव गांव में पानी आम लोगो को उपलब्ध कराना की जिम्मेवारी है तथा केन्द्र सरकार तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना हर घर नल, हर घर जल संचालित हो रही है। लेकिन पन्ना जिले मे उक्त योजना के हाल बहुत ही बुरे है सिर्फ कागजो पर ही उक्त योजना संचालित हो रही है। पन्ना जिले में पीएई विभाग से संचालित नल जल योजनाए केवल आंकडों तक ही सीमित है, क्योकि पीएचई विभाग द्वारा प्रत्येक आंगनवाडी केन्द्र तथा विद्यालयों में टंकी बनाकर बोर लगाकर पानी देने की योजनाए थी। लेकिन सभी विद्यालयों एवं आंगनवाड़ी केन्द्रो में कागजो पर लाखो रूपये की नल जल योजनाए कागजो मे चालू कर दी गई है। जबकी हकीकत में किसी भी आंगनवाडी केन्द्र तथा विद्यायल में उक्त योजना संचालित नहीं है। आंगनवाडी एवं विद्यालय के बच्चे पानी पीने के लिए तरस रहे है तथा विद्यालयों एवं आगनवाडी केन्द्रो मे बनाये गये शोचालये पानी के आभाव मे खंडहर हो चुकें है। इसी प्रकार अनेक ग्रामो में भी पाईप लाईन से नल जल योजना प्रारंभ करके पानी देने के लिए करोड़ो रूपये खर्च कर दिये गये। लेकिन उक्त योजनाए सिर्फ कागजो तक ही सीमित है एवं करोड़ो रूपये की राशि भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। कार्यपालन यंत्री महेन्द्र सिंह कभी भी क्षेत्र का भ्रमण नहीं करते है, और न ही उनके द्वारा ग्रामीण क्षेत्रो मे पंहुचकर यह देखा गया है कि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का क्या हाल है, वह पांच वर्ष से पन्ना में जमें हुए है, तथा विभाग को बुरी तरह से लूटने में लगें हुए है। वह शासकीय वाहन का भी भारी दुरपयोग कर रहें है। आये दिन सतना अप डाउन शासकीय वाहन से ही करते है, क्योकि वह सतना के रहने वाले है। इसके अलावा इनके द्वारा और भी अनेक कारनामे मनमाने ढंग से किये हुए है। पवई मे पदस्थ विभाग में हेल्पर के पद पर राम कृपाल अहिरवार जो विवाद के चलते दो माह जेल मे रहा तथा उसको न्यायालय द्वारा सजा भी हो गई थी उसके बावजूद बिना किसी कार्यवाही के महेन्द्र सिंह द्वारा फिर से विभाग में पदस्थ कर दिया गया है। जबकी किसी भी सजा आपता कर्मचारी को बिना न्यायालय से दोष मुक्त हुए नही रखा जा सकता है। क्योकि उक्त प्रकरण आज भी माननीय उच्च न्यायालय में चल रहा है। इस प्रकार के अनेक कारनामो के चलते कार्यपालन यंत्री महेन्द्र सिंह भारी चर्चाओं में है। उसके बावजूद जिला प्रशासन के अधिकारीयों तथा जिम्मेवार जन प्रतिनिधियों द्वारा कोई कार्यवाही संबंधित के खिलाफ नही की जा रही है। स्थानीय लोगो ने तत्काल कार्यपालन यंत्री के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।

# शिक्षा विभाग में शिक्षकों को संलग्नी करण से शिक्षा व्यवस्था चौपट

**दयाशंकर दीक्षित**

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना जिलें में विभिन्न विभागां मे अनेक अधिकारी कर्मचारी संलग्नी करण कराये हुए है, जैसे जिला पंचायत में आधे से अधिक सरकारी कर्मचारी, अन्य विभागो के है लेकिन वह जिला पंचायत मे बैठकर काम कर रहें है तथा मनमाने ढंग से कमाई भी कर रहें है। जबकी संबंधित विभाग में कर्मचारीयों का टोटा बना हुआ है। इसी प्रकार शिक्षा विभाग की स्थिती जहां विद्यालयों में शिक्षक नहीं है, वहीं दूसरी ओर दर्जनो शिक्षक, शिक्षा अधिकारी कार्यालय में संलग्न है तथा खेल, अन्य कार्यो के नाम से वर्षो से विद्यालय छोड़कर शिक्षा अधिकारी के कार्यालय में बैठकर एशो आराम कर रहें है। जबकी जिले की शिक्षा व्यवस्था चौपट है। स्थानीय लोगो ने जिला कलेक्टर से शिक्षा विभाग तथा जिला पंचायत मे संलग्न विभिन्न विभागो के शिक्षको एवं कर्मचारीयों को मुक्त करने की मांग की है।




# जिलें में बनाये जा रहे हाट बाजार दुर्दशा के शिकार

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना जिलें में ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से अनेक विकास योजनाए संचालित हो रही है। लेकिन उक्त योजनाओं में व्याप्क स्तर पर भ्रष्टाचार चल रहा है, तथा निर्माण कार्य बनाकर जिम्मेवारो द्वारा छोड दिये जाते है। उक्त निर्माण कार्य का सही उपयोग नहीं हो रहा है, और न ही जिस उद्देश्य को लेकर बनाये जाते है उसका सद्उपयोग होता है। उदाहरण के तौर पर जिलें मे विभिन्न स्थानो पर ग्रामीण क्षेत्रों में साप्ताहिक बाजार लगाने के लिए हार्ट बजार बनाये जाते है, जिसमें मैदान, दुकाने, सेड़ तथा चबूतरो का निर्माण किया जाता है। जिससे आसान तरीका से दुकानदार समान रखकर अपना समान विक्रय कर सकें। इसी प्रकार पन्ना जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम पंचायत इंटवाखास में भी हार्ट बाजार बनाया गया था, जो दुर्दशा का शिकार है, उस पर आज तक साप्ताहिक बजार नहीं लगाया गया। ग्रामवासीयों द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया है, तथा अन्य कार्यो के लिए उक्त हाट बजार का उपयोग हो रहा है। क्योकि कोई देखने वाला भी नहीं है। इसी प्रकार अन्य स्थानो पर भी हार्ट बाजारो की बुरी स्थिती है।

# पन्ना के लोगों को मिलेगें ब्रान्डेड कपड़े

## कोब्ब स्टोर का विधायक ने किया शुभारंभ



परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना के जो लोग बाहर बड़े शो रूमों में ब्रान्डेड तथा मंहगे कपड़े लेने जाते थे, अब उन्हे बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेंगी, क्योकि पन्ना में भी धीरे धीरे कपड़ों के शो रूम खुलते जा रहें है तथा पन्ना नगर का विकास भी होता जा रहा है। बाहर की कंपनी पन्ना आ कर अपना ब्यापार प्रारंभ करने लगी है। पन्ना के लोगो को एक ही शो रूम में अच्छे ब्रान्डेड कपड़े उपलब्ध होगें। उक्ताश्य के विचार क्षेत्रीय विधायक तथा पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह नें रेडीमेड कपड़ा शो रूम कोब्ब के शुभारंभ अवसर पर व्यक्त किये। इस दौरान समाजसेवी तथा व्यवसाई मनोज गुप्ता केशरवानी भी उपस्थित रहें। उपस्थित अतिथियों द्वारा स्टोर का रिबिन काटकर शुभारंभ किया, तत्पश्चात् कोब्ब स्टोर के ऐरिया सेल्स मैनेजर जे. चक्रवर्ती ने अतिथियों का स्वागत किया। तत्पश्चात् सभी अतिथियों का ऐरिया मैनेजर द्वारा साल पहनाकर सम्मान किया। कार्यक्रम में अनेक लोग उपस्थित रहें। जिसमें मुख्य रूप से विष्णु पाण्डेय, पत्रकारगण, गणमान्य नागरिक आदि।

# करंट लगने से युवक की मौत

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/जिले के अजयगढ़ थाना अन्तर्गत ग्राम नन्दनपुर में करंट लगने से युवक की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार 22 वर्षीय युवक आशुतोष सिंह सिंगरौल पिता विजय सिंह सिंगरोल जो अपने खेत गया हुआ था, तथा वहां से बाहर लौटा तो उसने घर का दरवाजा खोला, दरवाजा खोलते ही म्रतक को करंट लग गया जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी स्थानीय लोगो द्वारा अजयगढ थाना पुलिस को दी गई। जानकारी मिलते ही पुलिस घटना स्थल पंहुची तथा पंचनामा बनाते हुए शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेजा गया। तथा मामले मे मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

# सदियों पुरानी ऐतिहासिक परंपरा का हुआ निर्वहन

## -महाराजा छत्रसाल के वंशज पन्ना नरेश छत्रसाल द्वितीय को
## -दिव्य तलवार, पानबीरा किया गया भेंट







परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पांच पद्मावती पुरी धाम पन्ना के प्राचीन खेजड़ा मंदिर में सदियों से चली आ रही परम्परा का विधिवत निर्वहन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित महाराजा छत्रसाल के वंशज पन्ना नरेश छत्रसाल द्वितीय को मंदिर के पुजारी द्वारा दिव्य तलवार, पान व बीरा भेंट किया गया। इस अवसर पर पन्ना राजघराने के सदस्य व छतरपुर से भी महाराजा छत्रसाल के वंशज सत्येन्द्र सिंह बुंदेला, बुदेला समाज के लोगों में मार्तण्ड सिंह, एडी राजा, सौरज प्रताप बुंदेला उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से धर्मगुरू डा. दिनेश एम पंडित, धर्मोपदेशक पंडित खेमराज व श्याम बिहारी दुबे सहित श्री 108 प्राणनाथ मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी व प्रबंधक उपस्थित रहे। मालूम हो कि दशहरा के दिन प्रतिवर्ष इस समारोह के साक्षी बनने के लिए सैकड़ों की संख्या में महामति के अनुयायी श्रद्धालु खेजरा मंदिर प्रांगण में एकत्रित हो जाते थे और उस घड़ी का इंतजार में पलक-पावड़े बिछाए रहते थे कि कब महराज केशरी छत्रसाल के वंशज आएंगे और उस परम्परा का निर्वहन होगा। महाराजा छत्रसाल नें दिव्य तलवार से ऐतिहासिक 52 लड़ाइयां मुगलों के खिलाफ जीतीं थीं: ज्ञात हो कि आज से लगभग चार सौ वर्ष पूर्व उस समय महामति प्राणनाथ द्वारा छत्रसाल को दिव्य तलवार व बीरा भेंट कर उन्हें विजय आशीर्वाद दिया था उसी परम्परा के निर्वहन में प्रतिवर्ष दशहरा के दिन महाराज छत्रसाल के वंशजों को तलवार व बीरा भेंट किया जाता है। जिसकी एक झलक पाने हजारों श्रद्धालुओं की नजरें टिकी रहती थीं। महामति प्राणनाथ ने बुन्देलखण्ड की रक्षा के लिए महराजा छत्रसाल को वरदानी तलवार सौंपी थी तथा बीरा उठाकर संकल्प करवाया था जिससे महाराजा छत्रसाल पूरे बुन्देलखण्ड को जीत सके थे और अपना साम्राज्य स्थापित कर पन्ना को राजधानी बना सकें। उसी समय से इस परम्परा का निर्वहन किया जा रहा है। विजयादशमी के दिन आयोजित इस गरिमामयी कार्यक्रम में प्राणनाथ जी मंदिर के पुजारी महाराज छत्रसाल के वंशजों का तिलक कर बीरा व तलवार देकर उस रस्म को निभाते हैं जो कभी महामति ने छत्रसाल को देश और धर्म की रक्षा के लिए प्रदान की थी। महोत्सव के बीच जब महाराज छत्रसाल के वंशज पन्ना महाराज राघवेन्द्र सिंह के कुंवर छत्रसाल द्वितीय व राजपरिवार के सदस्य पधारे तो सभा भवन प्राणनाथ की जय व बुन्देलखण्ड केशरी महाराजा छत्रसाल के जयकारों से गूंज उठा। तत्पश्चात् मंचीय कार्यक्रम का आयोजन:किया गया। जिसमें धर्माचार्यों द्वारा महामति प्राणनाथ व महाराजा छत्रसाल के विषय में विस्तारपूर्वक वर्णन किया गया। वहीं सौरभ शर्मा व विजय शर्मा लल्लू द्वारा शानदार भजनों की प्रस्तुति दी गई। जिसमें उपस्थित लोग मंत्र मुग्ध हो कर झूमने लगे। कार्यक्रम का सफल संचालन मनोज शर्मा रीवा द्वारा किया गया।

# नगर में पहली बार हुआ 51 फीट के रावण दहन का आयोजन

## दर्शकों से खचाखच भरा रहा स्टेडियम ग्राउंड



राजा खरे

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। समर्पण संस्था के द्वारा नगर में पहली बार 51 फीट के रावण के दहन के आयोजन का कार्यक्रम स्टेडियम ग्राउंड पर किया गया जहां रावण दहन का आयोजन देखने स्टेडियम ग्राउंड दर्शकों से खचाखच भरा रहा तथा दर्शकों ने समर्पण संस्था के अद्भुत आयोजन का बेहतरीन व्यवस्थाओं के साथ आनंद लिया। गौरतलब है कि असत्य पर सत्य की और बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक दशहरा पर्व पर रावण के दहन की वर्षों पुरानी परंपरा चली आ रही है और इस वर्ष दशहरा पर्व पर समर्पण सामाजिक संस्था के द्वारा नगर में पहली बार 51 फीट के रावण के दहन का आयोजन किया गया जिसको लेकर संपूर्ण नगर एवं आसपास के क्षेत्र में भी भारी उत्साह देखने को मिला और दर्शकों की भारी भीड़ रावण दहन का आयोजन देखने स्टेडियम ग्राउंड पर पहुंची। इस अवसर पर कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ पुलिस अधीक्षक राय सिंह नरवरिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति ठाकुर अपर कलेक्टर एच वी शर्मा विधायक अनिल जैन सहित नगर के अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### धर्म और सत्य का रास्ता विजय की ओर जाता है- विधायक

नगर में पहली बार 51 फीट के रावण के दहन का आयोजन विधायक अनिल जैन के मुख्य आतिथ्य में तथा भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अखिलेश अयाची की अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिसमें विशेष अतिथि के रूप में भाजपा के जिला प्रभारी वीरेंद्र राणा और नगर परिषद के अध्यक्ष गुलाब अहिरवार उपस्थित रहे कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री राम के पूजन के साथ हुआ तत्पश्चात आयोजन संस्था के अध्यक्ष ऋषि गुप्ता सचिव डॉक्टर प्रांशुल खरे विक्रांत नायक द्वारा मंचासीन अतिथियों का स्मृति चिन्ह एवं फूलमाला से स्वागत किया गया। इस अवसर पर विधायक अनिल जैन ने कहा कि दशहरा पर्व असत्य पर सत्य की और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है और दशहरा पर्व हमें प्रेरणा देता है कि सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने वाला हमेशा विजय प्राप्त करता है और आज हमें भी संकल्प लेना है कि हम अपने जीवन से रावण रूपी बुराइयों को हटाकर सत्य और धर्म के मार्ग पर चलेंगे। इसके साथ-साथ विधायक श्री जैन ने कहा कि अगले वर्ष रावण दहन के आयोजन को और भी भव्यता प्रदान की जाएगी और निवाड़ी जिले के विकास में किसी तरह की कमी नहीं रखी जाएगी।

### श्री राम दरबार की झांकी एवं रावण की ऊंचाई रही आकर्षण का केंद्र

नगर में पहली बार 51 फीट के रावण के दहन का आयोजन किया गया जिसमें कार्यक्रम के आयोजकों के द्वारा बेहतरीन व्यवस्था एवं अद्भुत कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा रावण दहन के आयोजन में श्री राम दरबार की झांकी जिसमें श्री राम लक्ष्मण जी को बेहतरीन तरह से नगर के प्रतिष्ठित प्रतिष्ठान चार्ली मेकअप जोन द्वारा सुशोभित कर सजाया गया था एवं रावण की 51 फीट की ऊंचाई विशेष आकर्षण का केंद्र रही। मंच पर भगवान श्री राम लक्ष्मण माता सीता एवं हनुमान जी की विशेष झांकी लगाई गई और भगवान श्री राम के द्वारा मंचासीन अतिथियों की उपस्थिति में बाण चलाकर रावण दहन की प्रक्रिया संपन्न कराई गई। इस अवसर पर आयोजन संस्था के संरक्षक डॉक्टर रोहित राय ने कहा कि रावण दहन के आयोजन में हमें संपूर्ण नगर का भरपूर सहयोग मिला है और अगले वर्ष रावण के साथ-साथ कुंभकरण और मेघनाथ के दहन का भी आयोजन होगा।

### घर-घर जाने की परंपरा पर लगा विराम

दशहरा पर्व पर नगर में हमेशा ही घर-घर जाकर दशहरा पर्व की शुभकामनाएं देने की परंपरा नगर में पिछले काफी वर्षों से चली आ रही है और नवदुर्गा महोत्सव के समापन के उपरांत प्रतिमा विसर्जन के उपरांत कई स्थानों पर दशहरा मिलन का आयोजन होता है तथा घर-घर जाकर बड़े बुजुर्गों से आशीर्वाद लेने एवं शुभकामनाएं देने की परंपरा नगर में रही है लेकिन रावण दहन के आयोजन के चलते पहली बार नगर में घर-घर जाने की परंपरा पर विराम लगता दिखा और संपूर्ण नगर दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के उपरांत स्टेडियम ग्राउंड पर पहुंचा जहां नगर वासियों सहित आसपास के क्षेत्रवासियों ने रावण दहन की प्रक्रिया का आनंद लिया।

### विधायक ने बाजार में खाया पान घर-घर जाकर दी शुभकामनाएं

नगर में दशहरा मिलन का आयोजन रावण दहन की प्रक्रिया संपन्न होने के बाद ही प्रारंभ हो सका जिसमें विधायक अनिल जैन ने समस्त जिले वासियों और अपने विधानसभा क्षेत्र वासियों को दशहरा पर्व पर विशेष शुभकामनाएं दी तथा बाजार में भ्रमण करते हुए पान खाया और घर-घर जाकर दशहरा पर्व की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विधायक अनिल जैन छोटी बजरिया में आयोजित दशहरा मिलन समारोह में पहुंचे जहां सुंदरकांड पाठ एवं कवि सम्मेलन का आयोजन कर दशहरा पर्व मनाया गया जहां विधायक अनिल जैन में पहुंचकर दशहरा पर्व पर बनी खीर के स्वाद का आनंद लेते हुए सभी को दशहरा पर्व की शुभकामनाएं दी।

# नौ दिनों में माँ दुर्गा ने हम सबके मन की सफाई की और जब माँ दुर्गा का विसर्जन हो गया तो सभी लोग शहर की सफाई करने के लिए निकल पड़े-कलेक्टर श्री कोचर

**-कलेक्टर ने कहा सबको बहुत धन्यवाद, जो इस अभियान से जुड़ते है**

**-स्वयंसेवी संगठनों तथा आमजनों जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों द्वारा तहसील ग्राउंड और उत्कृष्ट विद्यालय में किया गया श्रमदान**



राजकुमार दुबे

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह। जिले में लगातार स्वच्छता अभियान के तहत प्रत्येक सप्ताह चिन्हित स्थलों पर सफाई का कार्य जिला प्रशासन और स्वयंसेवी संगठनों तथा आमजनों जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों के द्वारा किया जा रहा हैं। इसी कड़ी में आज तहसील ग्राउंड तथा उत्कृष्ट विद्यालय रोड़ में स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें लोगों ने अपनी सहभागिता की। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा आज के कार्यक्रम में हमने उत्कृष्ट विद्यालय वाला मार्ग को सभी ने चुना था और अभी तक आपने देखा की इसमें नौ दिनों में माँ दुर्गा ने हम सबके मन की सफाई की और आज रविवार को जब माँ दुर्गा का विसर्जन हो गया तो सभी लोग शहर की सफाई करने के लिए निकल पड़े। ये उन्नीसवां सप्ताह आज का आयोजन था जो लगातार चल रहा हैं। ये शहर की जनता की बदौलत हैं की लगातार 19 सप्ताह से ये सफाई का अभियान चल रहा हैं। उन्होंने कहा बहुत अच्छा अनुभव ये मिल रहा है और धीरे धीरे ये टीम बढ़ती जा रही और अगले सप्ताह भी यही पर हम काम करेंगे। स्ट्रीट को हमको बहुत अच्छा बनाना है फिर से इसके पुराने वैभव को वापस लौटाना है तो उसके लिए लोग काम करेंगे। मैं सबको बहुत धन्यवाद देता हूँ जो इस अभियान से जुड़ते है, जो हमारे साथ लगातार काम करते है और आशा है कि पूरे शहर का पूरे जिले का ऐसे ही सहयोग हम सबको मिला है। हमारे युवा साथी श्री पटेल का आज उनका जन्मदिन है। मैं हमारे पूरे सफाई के साथियों की ओर से उनको जन्मदिन की बहुत बहुत बधाई देता हूँ।

कृष्णा पटेल ने कहा आज जन्मदिन के अवसर पर बहुत ही अच्छा अवसर था कि साप्ताहिक श्रमदान कार्यक्रम जो कलेक्टर महोदय के मार्गदर्शन में चलाया जाता है, हम सभी ने कलेक्टर साहब के साथ विभिन्न सामाजिक स्वेच्छिक संगठन के प्रतिनिधियों के साथ जन्मदिन का जो अवसर है उसको यादगार बनाने हेतु दमोह को स्वच्छ और सवस्थ बनाने का संकल्प हम सभी ने लिया है। इसके लिए इस वर्ष का हमारा यह जन्मदिन समर्पित किया है। ग्राम खजरी के जागेश राठौर ने कहा ग्राम खजरी से दमोह आाये हैं, आज यह उन्नीसवां स्वच्छता अभियान सभी सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ मिलके तहसील ग्राउंड और व्हीआईपी रोड में स्वच्छता अभियान के तहत स्वच्छता कार्य किया। जितेंद्र अहिरवार ने कहा कलेक्टर सर के नेतृत्व में सफाई अभियान के अंतर्गत हम लोगों ने तहसील ग्राउंड और एक्सीलेंस स्कूल आदि जगहों पर सफाई की। मैं जनता की अपील करता हूँ,इस कार्यक्रम में भागीदारी निभाएं और लोगों को भी प्रेरित करें। रश्मि कोरी ने कहा हम आज सुबह यहाँ पे सभी एकत्रित हुए, मेरा सभी से अनुरोध है कि आप जो सभी डस्टबिन में ही कचरा डालें। ये हमारा ये हमारी जिम्मेदारी बनती है। अपने आसपास के परिवेश को स्वच्छ बनाए रखें। सुश्री विश्वकर्मा ने कहा जैसे की हर सप्ताह में देखती हूँ कलेक्टर सर संडे को हमेशा हम लोगों के साथ साफ सफाई करते है। उनसे मुझे ये प्रेरणा मिली है की हमें हमेशा साफ सफाई करनी चाहिए और जहाँ पे भी हम खड़े होते है, चार लोगों के बीच में भी हम खड़े होते है तो उनको भी साफ सफाई के प्रति जागरूक करना चाहिए। अगर एक इंसान ऐसा करेगा तो वो आगे चल के चैन बनती जाएगी और हमेशा साफ सफाई बनी रहेंगी। इस दौरान कलेक्टर श्री कोचर ने उत्कृष्ट विद्यालय परिसर, क्लब हाउस का अवलोकन कर सबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# मूर्ति विसर्जन के दौरान तालाब में डूबे युवक का मिला शव

परिहार गर्जना न्यूज। मुडारा निवाड़ी। नवदुर्गा महोत्सव के समापन के बाद दशहरा पर्व पर किए जा रहे मूर्ति विसर्जन के दौरान जिला मुख्यालय के समीप स्थित ग्राम मुडारा में तालाब में डूबने से 25 वर्षीय युवक की मौत हुई है। मृतक का नाम अजय कोरी उम्र 25 वर्ष बताया गया है। गौरवतलब है कि बीते रोज मुडारा के तालाब में ग्राम में नवदुर्गा महोत्सव के दौरान स्थापित की गई एक दर्जन से अधिक मूर्तियों का विसर्जन किया जा रहा था और इसी समय मूर्ति विसर्जन के दौरान अजय कोरी के तालाब में जाने से तथा तालाब में डले मछली के जाल में पैर फंस जाने से वह तालाब में डूब गया जिसके बाद उसको खोजने के काफी प्रयास किए गए तथा एसडीआरएफ की टीम के द्वारा भी तालाब में डूबे युवक के शव को निकालने के प्रयास किए गए लेकिन एसडीआरएफ की टीम भी तालाब से युवक के शव को नहीं खोज सकी तब स्थानीय मछुआरों ने मछली पकड़ने वाले जाल का सहयोग लेकर शव को खोजने का काम प्रारंभ किया और आज दिनांक 13 अक्टूबर को स्थानीय मछुआरों के प्रयासों से तालाब में डूबे युवक का शव निकाला गया। तालाब से शव निकालने के बाद शव का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंपा गया।



# एडवोकेट चंदन सिंह कुशवाहा का निधन नगर में शोक की लहर

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। नगर के तालपुरा मोहल्ला में निवास रत नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता तथा समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष देवेंद्र कुशवाहा के पिताजी एडवोकेट चंदन सिंह कुशवाहा का आज गंभीर बीमारी के चलते दुखद निधन होने पर संपूर्ण नगर में शोक की लहर रही। ऐसा बताया गया कि एडवोकेट चंदन सिंह कुशवाहा पिछले काफी समय से बीमार थे जिसमें उनकी किडनी एवं लीवर फेल होने के उपरांत शरीर के अन्य अंगों में भी काम करना बंद कर दिया था जिसके चलते उन्हें ओरछा तिगेला स्थित निजी चिकित्सालय में इलाज के लिए भर्ती किया गया था और वहीं पर इलाज के दौरान उनका दुखद निधन लगभग 72 वर्ष की आयु में हुआ है। एडवोकेट चंदन सिंह कुशवाहा का अंतिम संस्कार निवाड़ी मुक्तिधाम में किया गया जहां सैकड़ो नम आंखों ने उन्हें अंतिम विदाई दी।



# एक दिन में केएम के न्यूरो सर्जन ने सफल सर्जरी कर खड़ा किया मरीज, चलकर गया घर



**आलोक तिवारी**

***परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा। केएम हॉस्पिटल में छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल एक वृद्ध की स्पाइनल फ़्यूज़न और डीकंप्रेसन सर्जरी करके न्यूरो सर्जन ने मरीज को नया जीवनदान दिया है। मरीज के परिजनों ने हॉस्पिटल का आभार जताया है।***

30 सितम्बर को 50 वर्षीय हरिशचन्द्र निवासी मथुरा अपने घर की छत से अचानक गिर गया था, जिसकी वजह से मरीज की रीढ़ की हड्डी में चोट और अंदरूनी चोटे आई थी, जिसके कारण मरीज चल नहीं पा रहा था। उसके परिजनों ने केएम हॉस्पिटल में लाकर न्यूरो सर्जरी विभाग में न्यूरो सर्जन डा. संदीप चौहान को दिखाया। मरीज की नसों के दबाव, रीढ़ की हड्डी अपना स्थान छोड़ने के कारण व एक गुटके में चोट होने से उसका धड़ के नीचे के हिस्से ने मूवमेंट करना बंद कर दिया था, जिसके कारण वह चल नहीं पा रहा था और दर्द के कारण उसका बुरा हाल था। न्यूरो सर्जन डा. चौहान ने अपनी चिकित्सकीय टीम के साथ स्पाइनल फ़्यूज़न और डीकंप्रेसन सर्जरी करके उसे नया जीवनदान दिया है। अस्पताल में वह स्वयं के पैरों से चलकर अपने घर लौट गया है।

डा. संदीप चौहान ने बताया कि हादसे के बाद मरीज की रीढ़ की हड्डी का एक गुटके में गंभीर चोटें आई थी और नसों का दबाव इतना बढ़ गया था कि वह चल नहीं पा रहा था। स्पाइनल फ़्यूज़न और डीकंप्रेसन सर्जरी के बाद एक दिन में वह चलने फिरने लगा है। इस सफलता के लिए केएमयू के कुलाधिपति किशन चौधरी, विवि के वाइस चांसलर डा. डीडी गुप्ता, प्रो. वाइस चांसलर डा. शरद अग्रवाल, मेडीकल प्रचार्य डा. पीएन भिसे, एडीशनल मेडीकल सुप्रीडेंट डा. आरपी गुप्ता ने न्यूरो सर्जरी विभाग की टीम को बधाई दी है। मरीज की सर्जरी के दौरान डा. शरद कुमार रेड्डी ,डा. स्नेहल सिंह, डा. नवसंगीत, डा. आकाश नारा, डा. भूपेन्द्र सिंह, डा. पल्लवी त्यागी व नर्सिंग डिपार्टमेंट से विश्वेन्द्र कुमार यादव मौजूद रहे।

# सर्व समाज के युवाओं ने किया शस्त्र पूजन



परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा सुनरख मार्ग स्थित श्रीराम फार्म हाउस पर शनिवार को विजयदशमी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें सर्व समाज के लोगों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य शस्त्र पूजन कर राष्ट्र रक्षा का संकल्प भी दोहराया।

भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी नवीन चौधरी ने कहा कि बुराई पर अच्छाई और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक विजयदशमी पर्व पर हमें सतमार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता है। ठाकुर हरि बल्लभ सिंह ने कहा कि विजयदशमी पर्व पर राष्ट्र रक्षा का संकल्प लिया गया है। हम सभी को मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की दिखाएं मार्ग पर चलकर मर्यादित जीवन जीने का प्रयास करना चाहिए। कृष्ण बलराम इस्कॉन व्यापार मंडल के अध्यक्ष आशु गौतम ने कहा कि नवदुर्गा पर्व के साथ विजयदशमी पर्व का अध्यात्मिक संदेश समस्त जनमानस के लिए कल्याणकारी जीवन का सूत्र पात्र बनता है। इस अवसर पर सुरेश प्रधान, राधा चरण ठाकुर, ठाकुर तुषार सिंह, रमणबिहारी गौतम, गौरव गौतम, श्रीकांत शर्मा, बबलू सैनी, नबाव निषाद, आशीष ठाकुर, विजय सिंह, बंटी गौतम, श्यामसुंदर सोनी आदि उपस्थित थे।

# बीसीएम जीतेन्द्र अरजरिया को मातृशोक

**चंद्रभान प्रजापति**

परिहार गर्जना न्यूज। गौरिहार गौरिहार सीएचसी में बीसीएम के पद पर पदस्थ जीतेन्द्र अरजरिया की माता जी रामवती अरजरिया का 73 वर्ष की उम्र में रविवार की अल सुबह करीब 4 बजे दु:खद निधन हो गया।पारिवारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दिवंगत श्रीमती बीते 4/5 वर्षों शुगर की बीमारी से ग्रसित थीं, जिनका ईलाज जारी था।रामवती अरजरिया अपने पीछे दो विवाहित पुत्र क्रमश: जीतेन्द्र अरजरिया व जीनेन्द्र अरजरिया , पुत्र बधुएं,एक पोताव तीन पोतियों सहित तीन विवाहित पुत्रीयों व नाती – नातियों को रोता –बिलखता छोड गईं हैं। गौरतलब है कि रामदेवी मिलनसार, हिम्मती व बहुत ही सरल व सहज स्वभाव की धनी योग्य महिला थीं। उनके पति लखन लाल अरजरिया का करीब 13 वर्ष पूर्व देवलोकगमन हो गया था। उनके जाने के बाद भी उन्होंने हिम्मत नहीं हारी, बल्कि दृढता के साथ अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाते हुए बच्चों को शिक्षा दिलाने के साथ ही अविवाहित पुत्र –पुत्रियों का सफलतापूर्वक विवाह सम्पन्न कराकर सभी को ब्यवस्थित जीवन निर्वहन करने लायक बनाया। इस दुखित समाचार पर गौरिहार भाजपा मंडल महामंत्री देवेंद्रभूषण द्विवेदी,बीएमओ डॉ लखन सिंह,डॉ निरंजन राजपूत, डॉ बीरेंद्र राजपूत, डॉ परशुराम साहू,बीईई धर्मेन्द्र मौर्या, ड्रेसर आनंदी अहिरवार,देशराज प्रजापति,सीएल पाल सहित स्टाफ के अन्य सदस्य व पत्रकार प्रकाश मिश्रा, जीतेन्द्र बाजपेयी, राममिलन घोष, अवधेश चौरसिया,रूपेंद्र यादव, चंद्रभान प्रजापति एवं राजनीश घोष, जगदीश पटेल,कल्लू पटेल, मान सिंह प्रजापति आदि शुभ चिंतकों ने गहरा शोक ब्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने व इस अपार कष्ट को सहने को सहने के लिए दुखित परिजनों को शक्ति प्रदान करने जे लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

# मईया कैसे करूँ तेरी विदाई, मायूसी छाई है-अँख है भरआई

## स्थानीय प्रशासन की मुस्तैदी व चाक -चौबंद सुब्यस्वस्था के बीच विसर्जित हुई माता की मूर्तियां

**प्रकाश मिश्रा**

परिहार गर्जना न्यूज।गौरिहार नवदुर्गा महोत्स्व के प्रारम्भ दिवस की अलसुबह से ही अन्य जगहों की ही तरह सम्पूर्ण गौरिहार नगर जगत जननी मातारानी की भक्ति में लीन हो गया था। स्थानीय अनुविभागीय,तहसील व जनपद परिसर, थाना परिसर, बस स्टैंड,सरवई तिराहा, कितपुरा तिराहा, पालों के पुरवा, रमोले तालाब,रेवना रोड़, कालका माई परिसर, अवस्थी आर ओ प्लांट सहित सेंगर मुहाल में दो जगह कुल मिलाकर, गौरिहार में देवी भक्तों की कमेटियों द्वारा नगर के श्रद्धालुओं के सहयोग से 12 जगहमाँ दुर्गा के विभिन्न रूपों की आकर्षक मूर्तियों की विधि–विधान से पूजा–अर्चना व मन्त्रोंचारण कर स्थापना की गई थी। स्थापना दिवस के दिन से लेकर पूरे नौ दिवस सम्पूर्ण गौरिहार वासी अपने सभी दु:ख – दर्दों, कष्टों को भुलाकर जगत जननी माँ जगदम्बा की भक्ति लीन दिखे। नगर की चारों दिशाओं सहित बीच बस्ती में कई जगह विराजी माता रानी के पंडालों में माँ के भक्तों की भीड़ लगी रही। इस दौरान आकर्षक व मनमोहक मूर्तियों के सजे –धजे पंडालों में डीजे पर बजने वाले माता के भक्ति गीतों पर स्थानीय श्रद्धालुओं में से कुछ भक्त गण अपने अपने कष्टों व दुखों को बिसराकर झूमते व कुछ गुनगुनाते हुए माता रानी की भक्ति में लीन बने रहे।इस दौरान बस्ती के भक्त लोगों ने अपने–अपने घरों में एवं माँ दुर्गा की कमेटियों के सदस्यों ने अपने अपने पंडालों में कन्याओँ का पूजन कर, कन्या भोज कराया और अन्न – धन दान कर पुण्य लाभ प्राप्त करने की माता रानी से कामना की।इसके अलावा सभी कमेटियों के आयोजकों द्वारा अपने अपने पंडालों में रात्रि के समय डीजे की ध्वनि में आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर इन नव दिवसीय कार्यक्रमों में चार चाँद लगा दिए।




इसके बाद जैसे ही दशवें दिन अधर्म पर धर्म की, असत्य पर सत्य की व बुराई पर अच्छाई की जीत के पावन पर्व दशहरा के शुभावसर के दिन माता रानी की विदाई की बेला आई तो भक्तगणों, खासकर मातृ शक्तियों, कन्याओं व बच्चों की आँखो से अनायास की अश्रुधारा बह निकली। विसर्जन के दौरान आकर्षक झाकियों के चल समारोह में सैकड़ों की संख्या में बच्चे, महिलाएं व पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। माता रानी के विसर्जन चल समारोह में शामिल डीजे की तीव्र कनफोड़ू ध्वनि जहाँ एक ओर युवा टोली विभिन्न गीतों में थिरकते –झूमते हुए मस्त दिखाई दी। वहीं दूसरी ओर 卐मईया कैसे करूँ तेरी विदाई, मायूसी छाई है–अँख है भरआई –दशमी का दिन है दुखदाई 卐 जैसे अन्य विदाई गीतों को सुनने के दौरान मातृ शक्तियाँ अपनी अश्रु धाराओं को नहीं रोक पा रहीं थीं।

गौरिहार की सीमा से लगे दो समीपी ग्राम रेवना व खड्डी से प्रवाहित होने वाली केल नदी के घाटों में विसर्जन दिवस के दिन खड्डी, रेवना, अलीपुर, इटौरा हिनौती सहित अन्य समीपी गांवों के अलावा गौरिहार की मूर्तियों के विसर्जन के दौरान हजारों की संख्या में भीड़ एकत्र होने की संभावना से भलि भांति परिचित स्थानीय प्रशासन एसडीएम बलवीर रमन, तहसीलदार आकाश नीरज व टीआई उदयवीर सिंह तोमर द्वारा की गई चाक –चौबंद ब्यवस्था की जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है। एसडीएम श्री रमन के दिशा निर्देशन व तहसीलदार आकाश नीरज के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी द्वारा इस दौरान बहुत ही सुब्यवस्थित तरीके से सुरक्षा ब्यवस्था के इंतजाम किए गए थे। श्री तोमर द्वारा स्थानीय थाना में उपलब्ध सुरक्षा बल में शामिल अपने जवानों को इस तरह से मुस्तैद किया गया था कि बिना किसी अनहोनी के हुए देवी विसर्जन का यह विशाल कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गया।थाना प्रभारी श्री तोमर द्वारा सुरक्षा ब्यवस्था को लेकर किए गए इंतजाम को आरक्षक धर्मेन्द्र यादव,अखिलेश मिश्रा, विकास सिंह, धर्मेन्द्र राजपूत, विकास सिंह, अमित शर्मा, संदीप पाठक, पुष्पेंद्र यादव, रामकिशोर यादव सहित पप्पू दीक्षित व स्टाफ के अन्य सदस्यों की सराहनीय भूमिका रही।

# व्यापारी के जेब काटकर भाग रहे तीन नाबालिग पकड़े गये

## जनता उन्हें बांधकर मारपीट करते हुये ले गयी थाने

छतरपुर। रविवार की सुबह 9 बजे हरपालपुर से चोरी के मामले में तीन नाबालिक लड़कों के साथ मारपीट करते हुए थाना तक ले जाने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि तीन नाबालिक लड़के शहर की पुरानी गल्ला मंडी में सब्जी व्यापारी के पैसे लेकर भाग रहे थे तभी मौजूद लोगों ने उन्हें पकड़ लिया और रस्सी से बांधकर नारेबाजी करते हुए थाने तक ले गए और पुलिस को सौंप दिया। थाना पुलिस ने तीन नाबालिक लड़कों पर चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के द्वारा जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार आज सुबह 9 बजे पुरानी गल्ला मंडी में सब्जी बाजार लगा था तभी तीन लड़के एक सब्जी व्यापारी धर्मेन्द्र राजपूत के पैसे लेकर भागने लगे। बाजार में मौजूद लोगों ने तीनों लड़कों को पकड़ लिया और रस्सी से बांधकर मारपीट करते हुए तीनों नाबालिगों का जुलूस निकालते हुए थाने ले गए।



बताया जा रहा है कि काफी समय से नगर की सब्जी मंडी में लोगों के साथ जेब कटने, मोबाइल चोरी की घटना हो रही थी। इन नाबालिकों को जेब काटने के आरोप में मौके से ही पकड़ा गया है जिस पर इन्हें बांधकर थाने ले गए। ये तीनों नाबालिग बाइक से नगर में चोरी की घटना को अंजाम देने आए थे। तीन नाबालिकों को पुरानी गल्ला मंडी में सब्जी खरीद रहे एक मिर्ची व्यापारी की जेब से नोटों की गड्डी निकालने के आरोप में पकड़ा गया। थाना पुलिस ने मिर्ची व्यापारी धर्मेन्द्र राजपूत की शिकायत पर बीएनएस की धारा 303(2) के तहक मामला दर्ज किया गया। हरपालपुर थाना प्रभारी पुष्पक शर्मा ने बताया कि फरियादी की शिकायत पर तीन नाबालिगों पर चोरी करने के आरोप में मामला दर्ज किया है। थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# होटल में ठहरे युवक की संदग्धि परिस्थितियों में मौत

## परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुये किया चक्काजाम






बड़ामलहरा। बड़ामलहरा थाना अंतर्गत नगर में शनिवार की शाम होटल में ठहरे एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से सनसनी फैल गई। गुस्साए युवक के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए नगर में चक्काजाम कर दिए। दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस अधिकारियों की समझाइश के बाद जाम खुल सका। वहीं रविवार की दोपहर मृतक का पोस्टमार्टम कराकर शव का अंतिम संस्कार किया गया। रविवार को अस्पताल पहुंची बड़ामलहरा विधायक रामसिया भारती ने परिजनों से मुलाकात कर हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया है। वहीं भाजपा के पूर्व विधायक प्रद्युम्न सिंह भी अस्पताल पहुंचे।

मृतक के भाई जयपाल सिंह परमार ने बताया कि शनिवार की शाम तकरीबन 5:30 बजे बड़ामलहरा के आयुष होटल में ग्राम सिरोंज निवासी 25 वर्षीय अरविंद सिंह परमार की लाश मिली जिसे होटल संचालक राजकुमार चौहान अस्पताल में छोड़कर चले गए। परिजनों ने अस्पताल पहुंचकर आवेश में आकर तिराहे पर चक्का जाम कर दिया।

इस दौरान कानपुर-सागर राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों की मीलों तक लंबी कतार लग गई। तकरीबन दो घंटे की कड़ी मशक्कत के पश्चात प्रशासनिक अधिकारियों की समझाइश से जाम खोला गया।

इस दौरान परिजन प्रशासनिक अधिकारियों से होटल संचालक को गिरफ्तार कर पूछताछ करने की मांग करते दिखे। चूंकि रात्रि हो जाने के कारण शव का पोस्टमार्टम नहीं किया जा सका। संदिग्ध हालत में हुई युवक की मौत कई प्रश्न चिन्ह अंकित कर रही है। बहरहाल पुलिस ने परिजनों से जांचकर जल्द ही मामले का खुलासा करने की बात कही है।

जाम खुलवाने में पुलिस अनुविभाग बड़ा मलहरा एसडीओपी रोहित अलावा, तहसीलदार आलोक जैन, टीआई जितेन्द्र वर्मा सहित अन्य प्रशासनिक अमले के साथ राजनेता आनंद सिंह की प्रमुख भूमिका रही।

# पिपट थानाप्रभारी की टीम ने अवैध कट्टा कारतूस लेकर घूम रहे बदमाश को पकड़ा





**राकेश सिंह**

परिहार गर्जना न्यूज। बिजावर/पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देशन पर लगातार अवैध हथियार के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही की जा रही है और आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है, साथ ही क्षेत्र में दहशत फैलाने वाले आरोपियों के विरुद्ध भी कार्यवाही की जा रही है इसी क्रम में बिजावर अनुभाग के थाना पिपट थानाप्रभारी बीरेन्द्र रैकवार की टीम ने अवैध कट्टा कारतूस लेकर घूम रहे एक युवक को पकड़ा है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पिपट में खंदा की पुलिया के पास एक व्यक्ति के दहशत फैलाने के उद्देश्य से कट्टा लेकर घूमने की सूचना प्राप्त हुई। थाना पिपट पुलिस त्वरित कार्यवाही करते हुये संबंधित स्थान पर पहुंचे। संदेह के आधार पर संदेही की तलाशी ली जो अवैध 315 वोर का देशी कट्टा कमर मे खोसे हुये एवं एक जिंदा कारतूस मिला, जप्त किया गया। आरोपी रज्जू उर्फ मच्छर पिता रबुदा रैकवार उम्र 27 साल निवासी ग्राम पिपट को गिरफ्तार कर आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी एक आदतन अपराधी है जिसके विरुद्ध पूर्व में मारपीट, जुआ, अवैध शराब सहित 3 अपराध दर्ज है। अभियुक्त को न्यायालय समक्ष पेश किया जाता है। उक्त कार्यवाही एसडीओपी बिजावर शशांक जैन के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पिपट वीरेंद्र कुमार, प्र आर. ज्ञान सिंह, आर. उमाशंकर, आर. मयंक, आर. राजेश, आर. दामोदर, आर. हरिओम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# बुंदेलखंड के नायकों को उनके योगदान के अनुसार महत्व नहीं मिला - डॉ. शाक्य

## समग्र बुंदेलखंड विकास मंच के अध्यक्ष बने डॉ. जेपी मिश्रा

छतरपुर। दक्षिण में जो योगदान महाराजा शिवाजी ने दिया वही योगदान बुंदेलखंड में महाराजा छत्रसाल का है। पर इतिहास जब आंकलन करता है तो महाराजा छत्रसाल को वह महत्व नहीं मिलता जो मिलना चाहिए। अब समय आ गया है हम अपने अमर शहीदों का योगदान तुलानात्मक दृष्टिकोण से देखने का प्रयास करें। यह विचार समग्र बुदेलखंड विचार मंच के निवृत्तमान अध्यक्ष डॉ. जेपी शाक्य ने गांधी आश्रम में रविवार को व्यक्त किए।



स्वयं सेवी संस्था समग्र बुंदेलखंड विकास मंच की वार्षिक बैठक रविवार को दोपहर 12 बजे से गांधी आश्रम में आयोजित की गई। बुंदेलखंड की कला, संस्कृति, इतिहास, प्रतिभाओं और संसाधनों के संरक्षण के लिए काम कर रही संस्था की वार्षिक सभा की अध्यक्षता महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी के कला विभागाध्यक्ष डॉ. जेपी शाक्य ने की। मुख्य अतिथि के रूप में महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलसचिव डॉ. जेपी मिश्रा मंचासीन रहे। विशिष्ट अतिथि एडवोकेट संजय शर्मा रहे। इस सभा को पूर्व प्राचार्य प्रो. एके चतुर्वेदी, आनंदम विभाग के जिला समन्वयक लखन असाटी, स्वच्छता एम्बेसडर डीडी तिवारी, महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी के गणित विभागाध्यक्ष डॉ. एके सक्सेना, समाजसेवी संतोष गंगेले, साहित्यकार मौलाना हारून अना काशमी, वीरेंद्र खरे अकेला, आजीविका मिशन के जिला समन्वयक श्याम गौतम, भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष हरेंद्र सिंह चंदेल, डॉ. राजेंद्र सिंह चौहान, शिवम तिवारी, पवन राजावत, राघवेंद्र सिंह, नवीन पांडेय, सत्येंद्र सिंह बुदेला ने संबोधित किया। सभी वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि बुंदेलखंड के पर्यटनस्थलों को विकसित करने के लिए एक कॉरिडोर के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। हरसाल बुंदेली कला संस्कृति के संरक्षण के लिए राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम होना चाहिए।

***बुंदेलखंड के संसाधनों के सरंक्षण के प्रयास हों***

वार्षिक सभा के मुख्य अतिथि डॉ. जेपी मिश्रा ने संबोधित करते हुए कहा कि पूरे बुंदेलखंड में जिला स्तर पर एक कोर कमेटी का निर्माण किया जाना चाहिए इसमें ऐसे लोग शामिल किए जाएं जो विषय विशेषज्ञ के रूप में अपनी पहचान रखते हों। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड के प्राकृतिक संसाधनों को संरक्षित, सुरक्षित और सुनियोजित ढंग से विदोहन के लिए प्रयास किए जाने होंगे। इसके लिए समग्र बुंदेलखंड विकास मंच महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. जेपी शाक्य ने कहा कि बुंदेलखंड के इतिहास, कला, संस्कृति, साहित्य और धरोहरों को वह महत्व नहीं मिला जो मिलना चाहिए था। इसके लिए गांव-गांव जाकर प्रयास किए जाएं। विशिष्ट अतिथि एडवोकेट संजय शर्मा ने बुंदेली भोजन, लोक संस्कृति के संरक्षण की बात कही।

***डॉ. जेपी मिश्रा अध्यक्ष और संजय शर्मा कोषाध्यक्ष बने***

समग्र बुंदेलखंड विकास मंच की वार्षिक सभा की बैठक के दौरान नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से पूर्व कुलसचिव डॉ. जेपी मिश्रा को अध्यक्ष चुना गया। पूर्व सीएमओ डीडी तिवारी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, पवन राजावत उपाध्यक्ष, डॉ. नारायण सिंह परमार महासचिव, एडवोकेट संजय शर्मा कोषाध्यक्ष, मौलाना हारून अनाकाशमी सहसचिव, श्याम गौतम और सत्येंद्र सिंह बुंदेला को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में चुना गया। वार्षिक सभा का संचालन डॉ. नारायण सिंह परमार ने किया। आभार अनिल खरे ने व्यक्त किया।

# दशहरा पर्व पर हुआ बुराई के प्रतीक रावण का दहन

## राम-रावण युद्ध का किया गया सजीव मंचन,साध्वी प्रज्ञा भारती रही मुख्य अतिथि



छतरपुर। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी रावण दहन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस बार यह आयोजन बाबूराम चतुर्वेदी स्टेडियम के स्थान पर उत्कृष्ट हायर सेकेण्डरी स्कूल क्रमांक 1 के खेल मैदान में रखा गया। राम-रावण युद्ध की लीला का मंचन करने के बाद रावण के पुतले में रामजी के धनुष से निकली चिंगारी ने आग लगा दी। राजनीति के शिकार हुए रावण को रात करीब साढ़े 10 बजे के बाद मुखाग्नि मिल सकी। मुख्य अतिथि के रूप में विन्द्राधाम से आयीं महामण्डलेश्वर साध्वी डॉ. प्रज्ञा भारती जी उपस्थित हुईं। वहीं आयोजन की अध्यक्षता चित्रकूट धाम के रामायणी कुटी से आए पूज्य संत रामहृदयदास जी महाराज ने की। विशिष्ट अतिथियों में राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार, विधायक छतरपुर ललिता यादव, नपाध्यक्ष ज्योति चौरसिया, कलेक्टर पार्थ जैसवाल, एसपी अगम जैन, वरिष्ठ सर्जन डॉ. एमपीएन खरे विशेष रूप से उपस्थित रहे। विजयादशमी समारोह इस वर्ष 127वें वर्ष में प्रवेश कर गया। जिला मुख्यालय में श्री अन्नपूर्णा रामलीला एवं श्री लाल कड़क्का रामलीला समिति द्वारा लीलाओं का मंचन किया जाता है। इस बार रावण दहन का कार्यक्रम श्री लाल कड़क्का रामलीला समिति को करना था। समिति की ओर से आयोजन की पूरी तैयारियां की गईं। उत्कृष्ट हायर सेकेण्डरी स्कूल क्रमांक 1 के खेल मैदान में पहले राम-रावण युद्ध की लीला का मंचन हुआ। इसके बाद साढ़े 10 बजे से अधिक समय होने के पश्चात रावण दहन का कार्यक्रम शुरू हुआ। उल्लेखनीय है कि नौगांव में गोधुलि बेला में ही रावण दहन की परंपरा है। इतना ही नहीं देश के विभिन्न हिस्सों में भी हर हाल में शाम 6 बजे से रात 8 बजे तक रावण दहन की परंपरा चली आ रही है। छतरपुर का रावण दहन कार्यक्रम कभी भी शाम के वक्त नहीं हो पाता। इसके पीछे की वजह राजनीति का हस्ताक्षेप कहा जा रहा है। जब दर्शक निराश और हताश होकर घर वापस लौटने के लिए जाने लगते हैं तब यह कार्यक्रम शुरू होता है। आम जनमानस का यह सवाल है कि आखिर रावण दहन गोधुलि बेला में क्यों नहीं किया जाता? खैर जो भी हो अतिथियों की उपस्थिति में रावण दहन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। अतिथियों ने सबको विजयादशमी पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक **रामबाबू सिंह परिहार** द्वारा फज्जू प्रिंटर्स शॉप नं.1 नगर पालिका कॉम्पलेक्स, सर्किट हाउस तिराहा, जवाहर रोड छतरपुर म.प्र.से मुद्रित कराकर कार्या.परिहार गर्जना सर्किट हाउस गेट जवाहर रोड छतरपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-**रामबाबू सिंह परिहार**/ मो.नं.9406730853, 9755204916, 07682-358321